# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जनवरी, 2026

अंक : 519


5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

## कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री बी. साईराम वेकोलि के दौरे पर रहे वेकोलि की समीक्षा बैठक ली – कहा वेकोलि की कार्य संस्कृति सर्वोत्कृष्ट




कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री बी. साईराम दिनांक 10 एवं 11 जनवरी, 2026 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के दो दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया। अपने दौरे के द्वितीय दिवस दिनांक 11 जनवरी, 2026 को श्री साईराम ने वेकोलि मुख्यालय में उत्पादन, गुणवत्ता, प्रेषण, पर्यावरण संरक्षण, सीएसआर तथा भविष्य की योजनाओं से संबंधित विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में श्री साईराम ने टीम वेकोलि की कार्य संस्कृति तथा कार्य निष्पादन की सराहना करते हुए वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर परिणाम की अपेक्षा जताई। उन्होंने उपभोक्ता संतुष्टि, कोयले की गुणवत्ता, नई तकनीक के व्यापक इस्तेमाल, खनन कार्य में सुरक्षा एवं समुचित नियोजन पर जोर दिया। उन्होंने कोयले की यातायात की स्थिति पर विस्तार से जानकारी हासिल की तथा इस दिशा में वृद्धि हेतु अपने सुझाव दिए। उन्होंने कोयला उद्योग के बदलते परिपेक्ष में वेकोलि की भूमिका पर विस्तार से बात की।

समीक्षा बैठक में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने वर्ष **2025-26** की उपलब्धियों तथा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया की वेकोलि इस वित्तीय वर्ष में भी कोयला उत्पादन का टारगेट हासिल करेगा।

समीक्षा बैठक में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा परियोजना एवं योजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, सीआयएल के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट मोनिटरिंग) श्री राजशेखर किन्नेरा एवं महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री के. सुधाकर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष गण प्रमुखता से उपस्थित थे।

इसके पूर्व अपने दौरे के प्रथम दिवस पर श्री साईराम ने माजरी क्षेत्र की समीक्षा बैठक, वणी नॉर्थ क्षेत्र की उकनी खुली खदान का निरीक्षण, वणी क्षेत्र की नीलजई खुली खदान का दौरा, वणी क्षेत्र में वर्धा नदी पर निर्माणाधीन पुल परियोजना का निरीक्षण, घुग्घुस साइडिंग का निरीक्षण, वणी एवं वणी नॉर्थ क्षेत्रों की संयुक्त समीक्षा बैठक, चंद्रपुर क्षेत्र के भटाड़ी खुली खदान का निरीक्षण तथा चंद्रपुर एवं बल्लारपुर क्षेत्रों की संयुक्त समीक्षा की। दौरे के दूसरे दिन श्री साईराम ने नागपुर क्षेत्र की गोंडेगांव खुली खदान एवं पाइप कन्वेयर साईट का निरीक्षण किया, उपरान्त उन्होंने इंदोरा परिसर स्थित 'शस्त्र' उन्नत हथियार फायरिंग सिम्युलेटर का दौरा किया। इसके पश्चात श्री साईराम ने नागपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में नागपुर एवं उमरेर क्षेत्र की समीक्षा की। आगे उन्होंने वेकोलि मुख्यालय में आयसीसीसी का निरिक्षण तथा पेंच, कान्हन एवं पाथाखेड़ा क्षेत्रों की उत्पादन एवं संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की।

इस दौरे में श्री साईराम के साथ वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा परियोजना एवं योजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा सीआयएल के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट मोनिटरिंग) श्री राजशेखर किन्नेरा एवं महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री के. सुधाकर प्रमुखता से उपस्थित थे।



## टीम वेकोलि से सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी हुए 'रू-ब-रू'

'रू-ब-रू' की श्रृंखला में वर्ष के प्रथम दिवस दिनांक 01.01.2026 को सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने टीम वेकोलि से संवाद किया। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री द्विवेदी ने कहा कि कोयला उत्पादन में वेकोलि तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कोयले उत्पादन, प्रेषण तथ ओबी निष्कासन की वर्त्तमान स्थिति के विषय में विस्तार से बताया।

सुरक्षा पर बात करते ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए उमरेड क्षेत्र की गोकुल ओपन कास्ट तथा मकार्धोकड़ा ओपन कास्ट खदान, पाथाखेड़ा क्षेत्र की छत्तरपुर-1 भूमिगत खदान एवं नागपुर क्षेत्र की सावनेर-1 भूमिगत खदान को 5 स्टार रेटिंग अचीवर्स पुरस्कार से नवाजा गया। नवीन तकनीकी के प्रयोग के विषय में उन्होंने कहा कि वेकोलि में वर्तमान में 07 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। वेकोलि के खनन तकनीकी को बल प्रदान करते हुए जल्दी ही 2 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 23 कन्टिन्यूअस माइनर लगाए जाएंगे। उन्होंने आशा जताई कि मुंगोली खदान का फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट इसी वित्तीय वर्ष ने पूर्ण होगा। उन्होंने आगे Critical Minerals/Rare Earth Minerals के क्षेत्र में किए कार्य, कोल गैसीफिकेशन, माईन क्लोशर, नवीकरणीय ऊर्जा, वृक्षारोपण, पर्यावरणीय एवं वन स्वीकृति, अस्पताल प्रबंधन प्रणाली SWASTH तथा सीएसआर की योजनाओं के विषय में विस्तार से बात की।




श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि वेकोलि हर बार की तरह इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। अंत में उन्होंने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन / परियोजना एवं योजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस माध्यम से वेकोलि के सभी क्षेत्र तथा बड़ी संख्या में कर्मी गण 'रू-ब-रू' कार्यक्रम से जुड़े।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 230 वीं बैठक संपन्न

वेकोलि के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 230 वीं बैठक 15 जनवरी 2026 को श्री जय प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष, वेकोलि राजभाषा कार्यान्वयन समिति, की अध्यक्षता तथा निदेशकगण - श्री विक्रम घोष, निदेशक (वित्त), श्री आनंद प्रसादजी, निदेशक तकनी की (संचालन तथा परियोजना एवं योजना), डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन) एवं श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक के प्रारंभ में श्री पी. नरेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (मा.सं.) एवं विभागाध्यक्ष (राजभाषा) ने अतिथियों के स्वागत के उपरान्त प्रस्ताविक संबोधन एवं पिछली बैठक का कृत कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सितंबर एवं दिसंबर 2025 तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की गई।





बैठक के अंत में राजभाषा की प्रगति के लिए अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा किए गए सकारात्मक कार्य के लिए स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल से श्री जय प्रकाश द्विवेदी का अभिनंदन, निदेशक गण द्वारा किया गया। ऑनलाइन राजभाषा प्रगति पोर्टल पर श्री नितिन गुप्ता, वरि. प्रबंधक (प्रणाली) ने प्रस्तुति दी। बैठक का संचालन श्री अतुल बन्सोड, प्रबंधक (मानव संसाधन)/राजभाषा अधिकारी ने किया। हिंदी पत्राचार एवं धारा 3(3) के अनुपालन प्रतिवेदन की पॉवर पॉइंट प्रस्तुति सुश्री परिधि वर्मा, सहायक प्रबंधक (मा.सं.), श्री दीपक सिंह चौहान एवं श्री मुक्तेश्वर सोनकुसरे अनुवादक (राजभाषा) ने दी।

## इंटर कंपनी कल्चरल मीट 2025–26 का वेकोलि मुख्यालय में भव्य उद्घाटन

इंटर कंपनी कल्चरल मीट 2025–26 का भव्य उद्घाटन दिनांक 15.01.2026 को वेकोलि मुख्यालय, नागपुर में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के सशक्त एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ध्वजारोहण कर विभिन्न कंपनियों से आई टीमों के सदस्यों से आत्मीय संवाद किया तथा आकाश में गुब्बारे छोड़ कर आयोजन का उत्साहपूर्ण आग़ाज़ किया। इसके पश्चात उन्होंने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर पूरे वातावरण को ऊर्जा, उल्लास और सकारात्मकता से परिपूर्ण कर दिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों एवं एससीसीएल से पधारे प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों को संगठनात्मक एकता, रचनात्मकता और आपसी सौहार्द का सशक्त माध्यम बताते हुए सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह के साथ सहभागिता के लिए प्रेरित किया तथा तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के सफल, स्मरणीय एवं






प्रेरक आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

दिनांक 15 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित यह सांस्कृतिक महोत्सव संगीत एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रंगारंग श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करेगा तथा अंतर-कंपनी सहयोग, एकता और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

उद्घाटन समारोह में वेकोलि कल्याण बोर्ड सदस्य श्री बृजेश सिंह, चिकित्सा सेवाओं की प्रमुख डॉ. जयश्री मोघे, महाप्रबंधक (वित्त) श्री डी. के. चौधरी, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) डॉ. वाय. वी. रमन्ना, संचालन समिति सदस्य श्री सतीश गबाले, निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव श्री अजय कुमार सिन्हा तथा महाप्रबंधक (सिविल / वेलफेयर एवं सीएसआर) श्री एस. पी. तिवारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

## कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा श्री आशीष तायल को सतर्कता के विषय पर प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान

कोल इंडिया लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (VAW)–2025 के अंतर्गत "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर आधारित तीन माह के विशेष अभियान का समापन 13 जनवरी, 2026 को कोलकाता स्थित कॉर्पोरेट मुख्यालय में हुआ। समापन समारोह में वेकोलि के वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री आशीष तायल को आधिकारिक सोशल मीडिया पर “WCL संवाद” कार्यक्रम के माध्यम से सतर्कता विषय पर प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित कर ट्रॉफी प्रदान की गई। श्री तायल को यह सम्मान कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) श्री विनय रंजन द्वारा, कोल इंडिया, अध्यक्ष श्री बी. साईराम, निदेशक (विपणन) श्री मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त) श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (BD) श्री आशीष कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बृजेश कुमार त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया।






इसके उपरांत 15 जनवरी, 2026 को श्री तायल ने प्राप्त ट्रॉफी को वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे को कृतज्ञता स्वरूप सौंपी। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए डॉ पांडे ने श्री तायल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव श्री अजय कुमार सिन्हा, वेकोलि के महाप्रबंधक ( खनन/ज.सं) श्री सतीश गबाले तथा जनसंपर्क टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि “WCL संवाद” कार्यक्रम पिछले लगभग पाँच वर्षों से निरंतर इन-हाउस माध्यम से संचालित किया जा रहा है तथा अब तक इसकी 116 कड़ियाँ सफलतापूर्वक प्रसारित की जा चुकी हैं।

इस कार्यक्रम को कोयला उद्योग से जुड़े अनेक दिग्गजों एवं विशिष्ट अतिथियों ने सुशोभित किया है। कार्यक्रम की प्रभावशीलता एवं सार्थकता की प्रशंसा माननीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा अपने ट्विटर(X) हैंडल के माध्यम से की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष द्वारा भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए विशेष प्रशंसा पत्र जारी किया गया है।

## माइंस रेस्क्यू टीम को डीजीएमएस के 125 वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित किया गया

कोलंबिया के पाइपा में आयोजित इंटरनेशनल माइंस रेस्क्यू कॉम्पिटिशन (IMRC)–2024 में कोल इंडिया लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिष्ठित ओवरऑल द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली वेकोलि की माइंस रेस्क्यू टीम को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (DGMS) के 125वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्य मंत्री (श्रम और लघु उद्योग), सुश्री शोभा करंदलाजे, श्रम मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुश्री दीपिका कछल और श्री उज्ज्वल ता, DGMS, धनबाद उपस्थित थे। वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) श्री आनंदजी प्रसाद भी इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने वेकोलि रेस्क्यू टीम को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खदान सुरक्षा के प्रति अनुकरणीय योगदान के लिए बधाई दी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि खदान बचाव कार्यों में उत्कृष्टता, सुरक्षा और वैश्विक मानकों के प्रति वेकोलि की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



## पेंगंगा ओपनकास्ट माइन प्लैटिनम अवार्ड से सम्मानित



डब्ल्यूसीएल की पेंगंगा ओपनकास्ट माइन ने ग्रीन एनवायरो फाउंडेशन द्वारा आयोजित द्वितीय वार्षिक ग्रीन एनवायरो अवार्ड्स में ईएसजी पहल (कोयला क्षेत्र) श्रेणी में प्लैटिनम अवार्ड प्राप्त किया। यह समारोह 12 जनवरी, 2026 को गोवा में आयोजित किया गया। यह पुरस्कार श्री पी. पी. कर्माकर, महाप्रबंधक (संचालन) एवं श्री पोरेड्डी सूरज, एएनओ (पर्यावरण), वणी क्षेत्र द्वारा प्राप्त किया गया।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।